PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2024-25

HINDI

Time – 3 hrs. **Class – IX** **M.M. – 80**

Date - 14.02.2025 (Friday)

Name of the student _____ *Section* _____

निर्देश-

1. निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख्ती से अनुपालन कीजिए।
2. इस प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. इस प्रश्नपत्र में कुल चार खंड हैं- क, ख, ग, घ।
4. खंड-क में कुल 2 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 10 है।
5. खंड-ख में कुल 4 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 20 है।
6. दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 16 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
7. खंड-ग में कुल 5 प्रश्न हैं, जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 21 है।
8. खंड-घ में कुल 4 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं।
9. प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए
10. **बहुविकल्पीय प्रश्न का उत्तर सही विकल्प सहित पूर्णतः लिखना अनिवार्य है ।**

खंड 'क' - अपठित बोध (14 अंक)

इस खंड में अपठित गद्यांश व पद्यांश से संबंधित तीन बहुविकल्पीय (1×3=3) और दो अतिलघुत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक (2x2=4) प्रश्न दिए गए हैं।

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)

हमारे देश में एक ऐसा भी युग था, जब नैतिक और आध्यात्मिक विकास ही जीवन का वास्तविक लक्ष्य माना जाता था। अहिंसा की भावना सर्वोपरि थी। आज पूरा जीवन-दर्शन ही बदल गया है। सर्वत्र पैसे की हाय-हाय तथा धन का उपार्जन ही मुख्य ध्येय हो गया है, भले ही धन उपार्जन के तरीके गलत क्यों न हो? इन सबका प्रभाव मनुष्य के प्रतिदिन के जीवन पर पड़ रहा है।

समाज का वातावरण दूषित हो गया है। इन सबके कारण मानसिक और शारीरिक तनाव- खिंचाव और व्याधियाँ पैदा हो रही हैं। आज आदमी धन के पीछे अंधाधुंध दौड़ रहा है। इस दौड़ का कोई अंत नहीं है। धन की इस दौड़ में सभी पारिवारिक और मानवीय संबंध पीछे छूट गए हैं। व्यक्ति सत्य-असत्य, उचित-अनुचित, न्याय-अन्याय और अपने-पराए में भेदभाव को भूल गया है। इस कारण उसके पास अपने परिवार के लिए भी समय नहीं है। इस लालसा का ही परिणाम है कि जगह-जगह हत्या,लूट, अपहरण, चोरी डकैती की घटनाएँ बढ़ती जा रही हैं। धन की लालसा व्यक्ति को अनैतिक कार्य करने के लिए उकसा रही है। इस रोगी मनोवृत्ति को बदलने के लिए हमें हर स्तर पर प्रयत्न करने होंगे।

(क) जीवन का वास्तविक लक्ष्य आध्यात्मिक विकास माना जाता था, क्योंकि -

(उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए)

1. अहिंसा की भावना सर्वोपरि थी
2. हिंसा की भावना सर्वोपरि थी
3. पूरा जीवन-दर्शन बदल गया था
4. समाज का वातावरण दूषित था

कूट

(1) 1 और 2 सही हैं। (ii) 2 और 3 सही हैं। (iii) केवल 1 सही है। (iv) केवल 4 सही है।

(ख) 'आज पूरा जीवन-दर्शन ही बदल गया है।' प्रस्तुत कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।

(1) आज जीवन में परिवर्तन आ गया है।

(ii) आज संपूर्ण जीवन बदल गया है।

(iii) आज जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव आ गया है।

(iv) आज समय बदलने से दिनचर्या बदल गई है।

(ग) कथन (A) आदमी धन के पीछे अंधाधुंध दौड़ रहा है।

कारण (R) इस दौड़ में पारिवारिक व मानवीय संबंध पीछे छूट गए हैं।

कूट

(i) (A) और (R) दोनों सही है तथा (R), (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) (A) और (R) दोनों सही है, परंतु (IR), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) (A) सही है, किंतु (R) गलत है।

(iv) (A) गलत है, किंतु (R) सही है।

(घ) वर्तमान समय में किस कारण मनुष्य का जीवन प्रभावित हुआ है?

(ङ) प्रस्तुत गद्यांश में प्राचीन युग की किन विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया है?

प्र.2. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (7)

है शौक यही अरमान यही, हम कुछ करके दिखलाएँगे।
मरने वाली दुनिया में हम, अमरों में नाम लिखाएँगे।
जो लोग गरीब भिखारी हैं, जिन पर न किसी की छाया है।
हम उनको गले लगाएँगे, हम उनको सुखी बनाएँगे।
जो लोग अँधेरे घर में हैं, अपनी ही नहीं नज़र में हैं।
हम उनके कोने-कोने में, उद्यम का दीप जलाएँगे।
जो लोग हारकर बैठे हैं, उम्मीद मार कर बैठे हैं।
हम उनके बुझे दिमागों में फिर से उत्साह जगाएँगे।
रोको मत आगे बढ़ने दो आज़ादी के दीवाने हैं।
हम मातृभूमि की सेवा में, अपना सर्वस्व लगाएँगे।
हम उन वीरों के बच्चे हैं, जो धुन के पक्के सच्चे थे।
हम उनका मान बढ़ाएँगे, हम जग में नाम कमाएँगे।।

(क) कवि किन लोगों के लिए उद्यम का दीप जलाना चाहता है?

(i) जो अज्ञानतावश स्वयं को ही भुला बैठे हैं।

(ii) जिन लोगों के घर में प्रकाश की व्यवस्था नहीं है।

(iii) जो लोग अंधकारवश स्वयं को नहीं देख पा रहे हैं।

(iv) जो आजादी के दीवाने हैं।

(ख) कवि किन लोगों में पुनः उत्साह जगाना चाहता है?

1. जो लोग हार मानकर बैठ गए हैं
2. जो लोग जीवन में सम्पन्न हैं
3. जो लोग अपना उत्साह और आशा खो चुके हैं
4. जो लोग गरीब है

कूट

(i) केवल 1 सही है (ii) केवल 2 सही है (iii) 1 और 3 सही हैं (iv) 1 और 2 सही है

(ग) **कथन (A)** - हम अमरों में नाम लिखाएँगे।

कारण (R) - हमारा अरमान और शौक अच्छे कर्म करते हुए अमर हो जाने का है।

कूट

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (B) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) कवि मातृभूमि की सेवा किस प्रकार करना चाहता है?

(ङ) कवि की अभिलाषा क्या है?

खंड 'ख' - व्याकरण (16 अंक)

व्याकरण के लिए निर्धारित विषयों पर अतिलघूत्तरात्मक व लघूत्तरात्मक 20 प्रश्न दिए गए हैं, जिनमें से केवल(1×16=16) के उत्तर देने हैं।

प्र.3. निर्देशानुसार शब्द निर्माण पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)

(क) 'प्रतिहिंसा' शब्द में से उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए।

(ख) 'अभि' उपसर्ग लगाकर दो शब्द बनाइए।

(ग) 'ढक्कन' शब्द में से प्रत्यय और मूल शब्द अलग कीजिए।

(घ) 'नी' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइए।

(ङ) 'निरंतरता' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय व उपसर्ग बताइए।

प्र.4. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1×4=4)

(क) 'विषधर' का समास-विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

(ख) 'आमरण' का समास-विग्रह कीजिए।

(ग) 'रात-दिन' में कौन-सा समास है?

(घ) 'पाँच वटों का समूह' समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।

(ङ) 'करुणा से पूर्ण' समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए।

प्र.5. निर्देशानुसार 'वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)

(क) 'तुम फोटो का महत्त्व समझते हो।' प्रस्तुत वाक्य को निषेधवाचक वाक्य में बदलिए ।

(ख) 'तुम्हारा जूता फट गया।' प्रस्तुत वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए ।

(ग) 'यह मेरी माताजी का बाग है।' प्रस्तुत वाक्य को विस्मयवाचक वाक्य में बदलिए।

(घ) 'यह विधुर पति था।' प्रस्तुत वाक्य को संदेहवाचक वाक्य में बदलिए।

(ङ) 'हम अपनी सांस्कृतिक पहचान खोते जा रहे हैं।' प्रस्तुत वाक्य का अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए।

प्र.6. निर्देशानुसार अलंकार पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1x4=4)

(क) "कनक-कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय" प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(ख) "चारू चंद्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल-थल में।" प्रस्तुत पंक्ति में अलंकार बताइए।

(ग) "जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं।" प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(घ) "चरन धरत चिंता करत, चितवत चारि हुँ ओर। सुबरन को ढूँढत फिरत, कवि, व्यभिचारी, चोर।।" प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

(ङ) 'कूकै लगी कोइलें कदंबन पै बैठि फेरि । प्रस्तुत काव्य पंक्ति में निहित अलंकार कौन-सा है?

खंड 'ग' - पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक (30 अंक)

इस खंड में पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

प्र.7. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए।

हर शाम सूरज ढलने से पहले, जब वाटिका का माली सैलानियों को हिदायत देता है, तो लगता है बस कुछ ही क्षणों में वो कहीं से आ टपकेगा और संगीत का जादू वाटिका के भरे-पूरे माहौल पर छा जाएगा। वृंदावन कभी कृष्ण की बाँसुरी के जादू से खाली हुआ है क्या? मिथकों की दुनिया में इस सवाल का जवाब तलाश करने से पहले एक नज़र कमज़ोर काया वाले उस व्यक्ति पर डाली जाए, जिसे हम सालिम अली के नाम से जानते हैं। उम्र को शती तक पहुंचने में थोड़े ही दिन तो बच रहे थे। संभव है, लंबी यात्राओं की थकान ने उनके शरीर को कमज़ोर कर दिया हो और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी उनकी मौत का कारण बनी हो, लेकिन अंतिम समय तक मौत उनकी आँखों से वह रोशनी छीनने में सफल नहीं हुई, जो पक्षियों की तलाश और उनकी हिफाज़त के प्रति समर्पित थी। सालिम की आँखों पर चढ़ी दूरबीन उनकी मौत के बाद ही तो उतरी थी। **(1x5=5)**

(क) गद्यांश में आए सैलानियों शब्द का अर्थ है-

(i) हिदायत देने वाला (ii) इच्छानुसार घूमने वाला

(iii) यात्राओं की थकान (iv) वाटिका में घूमने वाला

(ख) सालिम अली की मौत का कारण क्या था?

(i) बुखार (ii) मलेरिया (iii) कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी (iv) ये सभी

(ग) सालिम अली जीवन-भर किस बात के लिए समर्पित रहे? (उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए)

1. सफलता प्राप्त करने के लिए 2. सैलानी बनने के लिए

3. पक्षियों की तलाश और उनकी सुरक्षा के लिए 4. लंबी यात्राओं पर जाने के लिए

कूट

(i) 1 और 2 सही है। (ii) केवल 3 सही है। (iii) 2 और 4 सही है। (iv)केवल 4 सही है।

(घ) वाटिका का माली जब सैलानियों को हिदायत देता है, तो ऐसे प्रतीत होता है; जैसे-

(i) कुछ ही पलों में सैलानी आ जाएँगे (ii) कुछ ही पलों में संगीत का जादू छा जाएगा

(iii) कुछ ही पलों में वाटिका खाली हो जाएगी (iv) कुछ ही पलों में सूरज ढल जाएगा

(ङ) **कथन (A)** - सालिम अली कमजोर काया वाले व्यक्ति थे।

कारण (R) - उम्र की शती तक पहुँचने में थोड़े ही दिन बचे थे।

कूट

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

प्र.8. गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए। (2x3=6)

(क) प्रेमचंद को देखते ही लेखक की दृष्टि कहां टिक गई और उसने क्या-क्या अनुमान लगाए? 'प्रेमचंद के फटे जूते' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ख) "कोई अपने जिस्म की हरारत और दिल की धड़कन देकर भी उसे लौटाना चाहे तो वह पक्षी अपने गीत दोबारा कैसे गा सकेगा।" 'साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर आशय स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'दो बैलों की कथा' पाठ के आधार पर छोटी लड़की का परिचय देते हुए बताइए कि लड़की व बैलों के बीच आपसी व्यवहार कैसा था?

(घ) महादेवी वर्मा की सुभद्रा कुमारी चौहान से मित्रता किस प्रकार हुई? 'मेरे बचपन के दिन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

प्र.9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। (1×5)

क्या सारे मैदान, सारे बगीचे और घरों के आँगन
खत्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में?
कितना भयानक होता अगर ऐसा होता
भयानक है, लेकिन इससे भी ज़्यादा यह
कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल
पर दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुजरते हुए
बच्चे, बहुत छोटे-छोटे बच्चे काम पर जा रहे हैं।

(क) दुनिया की हज़ारों सड़कों से गुजरते हुए कौन काम पर जा रहे हैं? (उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए)

1. बड़े-बड़े बच्चे 2. छोटे-छोटे बच्चे 3. बच्चों के माता-पिता 4. मजदूर वर्ग

कूट

(i) कथन 1 और 2 सही है (ii) कथन 3 और 4 सही हैं

(iii) केवल कथन 2 सही है (iv) केवल कथन 1 सही है

(ख) "कितना भयानक होता अगर ऐसा होता" पंक्ति में किस ओर संकेत किया गया है?

(उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए)

1. बच्चों का प्रतिदिन विद्यालय जाना
2. बच्चों का मैदान, बगीचे व घर के आँगन में खेलना
3. आर्थिक विषमता के कारण बच्चों का मूलभूत सुविधाओं से वंचित होना
4. बच्चों का सड़कों से गुजरते हुए विद्यालय जाना

कूट

(i) कथन 1 और 2 सही है (ii) केवल कथन 3 सही है

(iii) कथन 3 और 4 सही है (iv) केवल कथन 4 सही है

(ग) **कथन (A)** - संसार का होना, न होना व्यर्थ है।

कारण (R) - यदि यह संसार बच्चों की मूलभूत आवश्यकताओं की वस्तुओं से रहित हो।

कूट

(i) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है तथा कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(ii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है, परंतु कारण (R), कथन (A) की सही व्याख्या नहीं करता है।

(iii) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(iv) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(घ) 'हस्बमामूल' शब्द से कवि का क्या आशय है?

(i) वस्तुओं का परिवर्तित रूप (ii) वस्तुओं का अवास्तविक रूप

(iii) यथावत अथवा वैसी ही है जैसी होनी चाहिए (iv) उपर्युक्त सभी

(ङ) बच्चों के काम पर जाने से उन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

(i) उनका भविष्य संवरता है (ii) उन्हें स्वतंत्रता मिलती है

(iii) उनका बचपन छिन जाता है (iv) वे विकसित होते हैं

प्र.10. कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए । **(2x3=6)**

(क) 'क्षमा करो गाँठ खुल गई अब भरम की।' 'मेघ आए' कविता के आधार पर पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर पराधीन भारत की जेलों में दी जाने वाली यातनाओं का वर्णन कीजिए।

(ग) रसखान के 'सवैये' कविता में गोपी के स्वयं को न सँभाल पाने का क्या कारण था?

(घ) कवि के अनुसार सच्चा प्रेमी कौन है? 'साखियाँ और सबद' के आधार पर वर्णन कीजिए।

प्र.11 पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। **(4x2=8)**

(क) रामस्वरूप और गोपाल प्रसाद बात-बात पर **"एक हमारा जमाना था....."** कहकर अपने समय की तुलना वर्तमान समय से करते हैं। इस प्रकार की तुलना करना कहाँ तक तर्कसंगत है? "रीढ़ की हड्डी" पाठ के आधार पर लिखिए।

(ख) "संकट के समय में मानवीय स्वभाव सहानुभूति चाहता है।" इस कथन के आलोक में बाढ़ से उपजी परिस्थितियों पर 'इस जल प्रलय में' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) शिक्षा के अधिकारों को लेकर लेखिका ने किस प्रकार के प्रयास किए थे? 'मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर वर्णन कीजिए।

खंड 'घ' - रचनात्मक लेखन (20 अंक)

इस खंड में रचनात्मक लेखन पर आधारित प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके निर्धारित अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।

प्र.12. निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। **(6)**

(क) कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)

संकेत बिंदु

* प्रस्तावना
* कृत्रिम बुद्धिमत्ता क्या है? कैसे काम करती है?
* वर्तमान में इसका प्रचार-प्रसार अधिक कैसे हुआ?
* इसके लाभ और खतरे, हमारे जीवन पर प्रभाव

(ख) पुस्तक मेला

संकेत बिंदु

* प्रस्तावना
* पुस्तक मेलों का आयोजन
* पुस्तक मेले की उपयोगिता
* उपसंहार

(ग) धरती की रक्षा

संकेत बिंदु

* धरती की असुरक्षा के कारण
* ओजोन परत की सुरक्षा
* पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण
* उपसंहार

प्र.13. चुनाव के कारण आपके घर की दीवारें नारे लिखने और पोस्टर चिपकाने से गंदी हो गई हैं। इस समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए नवभारत टाइम्स के संपादक को **पत्र लिखिए।** **(5)**

अथवा

राष्ट्रपति द्वारा 'वीर बालक पुरस्कार' से सम्मानित अपने मित्र को **बधाई पत्र लिखिए।**

प्र14. अपने नये मकान में गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित प्रीतिभोज में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को सपरिवार पधारने हेतु **ई-मेल द्वारा निमंत्रण भेजिए।** **(5)**

अथवा

"लगभग 100 शब्दों में एक **लघुकथा लिखिए,** जिसका अंतिम वाक्य "हमें किसी भी परिस्थिति में स्वयं को कम नहीं आँकना चाहिए" हो।

प्र.15. आपका नाम अनिल है। आप अपने मित्र रोहन के साथ परीक्षा की तैयारी पर बातचीत कर रहे हैं। इस विषय पर एक **संवाद लेखन कीजिए।** **(4)**

अथवा

आपके विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाना है। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थी मंच की ओर से **लगभग 100 शब्दों** में सूचना देते हुए **सूचना लेखन** कीजिए।